### एक नजर में

## 9 मार्च तक चलेगी सुरक्षा गार्ड की भर्ती

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।**

26 फरवरी को सीएलएफ कार्यालय दिगौड़ा में, 27 फरवरी को जनपद पंचायत जतारा में, 28 फरवरी को सीएलएफकार्यालय बडागांव में, 2 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय बुडेरा में, 7 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय मबई में तथा 9 मार्च को जनपद पंचायत में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा। युवाओं को नीमच में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जायेगी, जैसे औधोगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला इन्दौर, भोपाला, खजुराहों का मंदिर, अयौध्या का मंदिर, आगरा का ताजमहल, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैक, मप्र, गुजरात, दिल्ली नोयडा में 14000-22000 हजार की मासिक सैलरी पर रखा जायेगा एवं अन्य सुविधायें पीएफ, पेंशन, प्रोमोशन, आवास और मैस एवं दो बच्चों की पढ़ाई करवा सकते है।

# गुणवत्ता जांचने केन्द्र का दल अस्पताल पहुंचा

**तीन सदस्यीय दल ने देखी जिला चिकित्सालय की व्यवस्था**

**18 प्रमुख विभागों का किया गया निरीक्षण**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए केंद्र से तीन सदस्यीय विशेषज्ञ दल बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचा। टीम ने अस्पताल के 18 प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान दस्तावेजों की जांच, दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया।**

मूल्यांकन दल में डॉ. प्रकाश वैष्णव, डॉ. नवदीप गुप्ता और डॉ. खुशबू पंड्या शामिल हैं। टीम ने स्टोर रूम, दवा वितरण कक्ष और अन्य विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। दवाओं की उपलब्धता, उनकी एक्सपायरी डेट, रखरखाव और रिकॉर्ड की स्थिति देखी गई। दल ने मरीज वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड और ओपीडी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों से अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ की स्थिति और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। टीम के सदस्यों ने बताया कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को सौंपी जाएगी। निरीक्षण से पहले एक रोचक स्थिति भी देखने को मिली। जिला अस्पताल के तीन गेटों में से दो, जो लंबे समय से या तो बंद रहते थे या आंशिक रूप से खुले थे, उन्हें टीम के आगमन से पहले खोल दिया गया। पुराने गेट को भी व्यवस्थित किया गया। जिला अस्पताल के सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू ने बताया कि टीम कुल 18 विभागों का सत्यापन कर रही है। सभी विभागों के कार्यों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। शहर के जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए केंद्र से तीन सदस्यीय विशेषज्ञ दल बुधवार को पहुंचा। टीम ने अस्पताल के 18 प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान दस्तावेजों की जांच, दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया। जिला अस्पताल के तीन गेटों में से दो, जो लंबे समय से या तो बंद रहते थे या आंशिक रूप से खुले थे, उन्हें टीम के आगमन से पहले खोल दिया गया।

### टीम ने निरीक्षण के दौरान किया वार्ड का भ्रमण

स्दस्यीय टीम ने मरीज वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड और ओपीडी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों से अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ की स्थिति और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। टीम के सदस्यों ने बताया कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को सौंपी जाएगी। नरीक्षण से पहले एक रोचक स्थिति भी देखने को मिली। जिला अस्पताल के तीन गेटों में से दो, जो लंबे समय से या तो बंद रहते थे या आंशिक रूप से खुले थे, उन्हें टीम के आगमन से पहले खोल दिया गया।

### रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेंगे

दल ने मरीज वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड और ओपीडी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों से अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ की स्थिति और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। टीम के सदस्यों ने बताया कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को सौंपी जाएगी। पुराने गेट को भी व्यवस्थित किया गया। जिला अस्पताल के सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू ने बताया कि टीम कुल 18 विभागों का सत्यापन कर रही है।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मऊरानीपुर रोड पर आरटीओ कार्यालय के पास रात करीब 10.30 बजे हुई, जिसमें एक बाइक और सामने से आ रही कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल भी हुई है।**

जानकारी के अनुसार, मृतक बजरंग खेरा गांव से एक शादी समारोह में खाना बनाकर टीकमगढ़ लौट रहे थे। बाइक कुंजी रैकवार 45 चला रहे थे, जबकि उनके पीछे प्रेम प्रजापति 55और एक अन्य महिला सवार थीं। जैसे ही वे आरटीओ कार्यालय के पास पहुंचे, तेज रफ्तार बलेनो कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक कुंजी रैकवार और पीछे बैठी प्रेम बाई प्रजापति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल हुई तीसरी महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम किया गया है। मृतक कुंजी रैकवार बजरंग खेरा के निवासी थे, जबकि प्रेम बाई प्रजापति पुराना बस स्टैंड क्षेत्र की रहने वाली थीं। मृतक प्रेम प्रजापति के बेटे लखन प्रजापति ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीएम के उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जिसमें एक बाइक और सामने से आ रही कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल भी हुई है।

## बिजली के बकायादारों के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई




**नवभारत न्यूज जतारा। बुधवार को कनिष्ठ अभियंता एवं बम्मोरी कलां जेई बालकिशन तिवारी के आदेशानुसार बम्मोरी कलां डीसी के अंतर्गत आने वाले सिमरा मुख्यालय क्षेत्र में कुर्की अभियान चलाया जा रहा है।**

अभियान के तहत ग्राम राजनगर, खरगुपुरा एवं दिनऊ में बकाया राशि की वसूली हेतु कार्रवाई की गई। राजस्व, विभागीय टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार बकाया वसूली अभियान लगातार जारी रहेगा और बकाया राशि जमा न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित उपभोक्ताओं, बकायादारों से समय पर भुगतान करने की अपील की है।

## रबी फसल पंजीयन प्रक्रिया 16 मार्च तक की जाएगी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना एवं मसूर उपार्जन हेतु पंजीयन प्रक्रिया 16 मार्च 2026 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर की जाएगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा कृषकों की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं, जिससे पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।**

भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत चना एवं मसूर के पंजीयन हेतु किसानों को निर्धारित अवधि में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस वर्ष उपार्जन केंद्र पर उपज विक्रय से पूर्व किसानों की वास्तविक पहचान आधार-सक्षम पीओएस. मशीन अथवा सोबाइल एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा की जाएगी। पूर्व वर्षों की भांति ओटीपी आधारित सत्यापन मान्य नहीं होगा। यदि किसान स्वयं उपार्जन केंद्र पर उपस्थित नहीं हो पाते हैं, तो वे पंजीयन के समय अधिकतम 03 अधिकृत व्यक्तियों का नाम एवं आधार संख्या दर्ज करा सकेंगे। अधिकृत व्यक्ति दवारा भी आधार-सक्षम फेस ऑथैटिकेशन अनिवार्य होगा। किसानों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकेगा।

## 14 मार्च को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफ ल क्रियांवयन एवं अधिक से अधिक बैंक प्रीलिटीगेशन प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण करें।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन जिला न्यायालय के सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा बैंक प्रबंधकोंसे नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले बैंक प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में जानकारी लीएवं अधिक से अधिक प्रकरणों में पक्षकारों को सूचना पत्र जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। बैंक प्रबंधकों ने नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करें।

## पुलिस चला रही है जिले में निगरानी अभियान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में कानून-व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण एवं निगरानी अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस स्वयं कर रहे है।**

जिनके कुशल निर्देशन में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी, रणनीतिक एवं मैदानी स्तर पर उल्लेखनीय रूप से सशक्त किया गया है। जिले में अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया एवं जन-सुरक्षा की अनुभूति में स्पष्ट वृद्धि देखने को मिली है। सक्रिय पुलिसिंग के चलते असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में कमी आई है। प्रमुख बाजारों, शासकीय भवनों, धार्मिक अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त, चौकसी बढ़ाए जाने के निर्देश दिए है।

## नेकी की दीवार में लगी आग कपड़े जलकर खाक



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के सिविल लाइन रोड स्थित नेकी की दीवार स्थल पर बीती देर रात आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में वहां रखे सभी कपड़े जलकर खाक हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।कोतवाली पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।**

नगर पालिका ने अनुपयोगी कपड़े दान करने के उद्देश्य से इस नेकी की दीवार स्थल का निर्माण कराया था। पिछले लगभग पांच वर्षों से शहर के लोग यहां अपने अनुपयोगी कपड़े दान करते आ रहे हैं। हालांकि, नगर पालिका की ओर से इसकी देखभाल के लिए कोई कर्मचारी तैनात नहीं किया गया था। यह स्थल नगर पालिका सीएमओ के बंगले और फायर ब्रिगेड कार्यालय के ठीक बगल में स्थित है। आग लगने की जानकारी मिलते ही सबसे पहले कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद दमकल कर्मचारियों को बुलाया गया, जिन्होंने आग बुझाने का काम किया। इस घटना में नेकी की दीवार पर रखे सभी कपड़े पूरी तरह जल गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। शहर के सिविल लाइन रोड स्थित नेकी की दीवार स्थल पर मंगलवार देर रात आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में वहां रखे सभी कपड़े जलकर खाक हो गए।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कौशल विकास योजना की बैठक

**रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिलाने पर विशेष जोर**

**कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति की हुई समीक्षा**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला कौशल समिति डीएससी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।**

इस अवसर पर सासंद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, विधायक निज सहायक वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी, शासकीय आईटीआई, पॉलीटेक्निक के प्राचार्य, जिले के उद्योगपति तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को स्थानीय उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार किया जाए, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अधिकतम रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजनाओं का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए प्रशिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की जाये जिससे वे योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सेमीनार आयोजित किये जायें जिसमें कौशल से संबंधित जानकारी दी जाये। श्री श्रोत्रिय ने कहा कि युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ दिलाया जाये। उन्होंने बताया कि यह योजना पढ़ाई के साथ ही सीखने के लिये अच्छी योजना है जिसमें स्टाइपेंड के रूप में राशि भी मिलती है, जो कि उनके शैक्षणिक तथा अन्य कार्यों में भी काम आ सकती है। साथ ही अनुभव का प्रमाण पत्र भी मिलता है। उन्होंने जिले के उद्योगपतियों से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में अपने संस्थान का पंजीयन करायें जिससे जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि योजना के तहत 18 पारम्परिक व्यापार अंतर्गत लाभ लेने के लिये आवेदन करायें।

**घटना** | **घटना 15 दिन पुरानी बताई जा रही**

# नगर परिषद बड़ागांव धसान में प्राचीन हनुमान मंदिर में हुई चोरी




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर परिषद बड़ागांव धसान स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से हनुमान जी की प्रतिमा का चांदी का मुकुट चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार मंदिर समिति के सदस्यों ने बुधवार को इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। जानकारी अलगे ही स्थिनीय लोग में आक्रोश देखने को मिला है।**

यह घटना लगभग 15 दिन पुरानी बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी के अनुसार, 8 फरवरी रविवार को दोपहर में जब वे भगवान को प्रसाद चढ़ाने गर्भगृह पहुंचे, तब हनुमान जी के सिर से मुकुट गायब था। सुबह की पूजा के समय मुकुट लगा हुआ था। पुजारी ने बताया कि उन्होंने पहले अपने स्तर पर मुकुट का पता लगाने का प्रयास किया, इसलिए समिति को जानकारी देने में देरी हुई। मुकुट चोरी की जानकारी मिलने पर मंदिर समिति ने एक बैठक बुलाई और घटना पर विरोध जताया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चौरयाल ने इसे एक गंभीर घटना बताया और पुलिस से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की। आक्रोशित सदस्यों ने थाने पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा। बड़ागांव थाना प्रभारी जयेंद्र गोयल ने बताया कि हनुमान जी के मुकुट चोरी होने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। चूंकि घटना करीब 15 दिन पुरानी है, पुलिस इसकी विधिवत जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। नगर परिषद बड़ागांव धसान स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से हनुमान जी की प्रतिमा का चांदी का मुकुट चोरी हो गया है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बुधवार को इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। मुकुट चोरी की जानकारी मिलने पर मंदिर समिति ने एक बैठक बुलाई और घटना पर विरोध जताया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चौरयाल ने इसे एक गंभीर घटना बताया और पुलिस से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की। पुजारी ने बताया कि उन्होंने पहले अपने स्तर पर मुकुट का पता लगाने का प्रयास किया। मुकुट चोरी की जानकारी मिलने पर मंदिर समिति ने एक बैठक बुलाई और घटना पर विरोध जताया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चौरयाल ने इसे एक गंभीर घटना बताया और पुलिस से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की।

### पुलिस करेंगी मामले का जल्द से जल्द खुलासा

मुकुट चोरी की जानकारी मिलने पर मंदिर समिति ने एक बैठक बुलाई और घटना पर विरोध जताया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चौरयाल ने इसे एक गंभीर घटना बताया और पुलिस से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की। घटना 15 दिन पुरानी बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 8 फरवरी रविवार को दोपहर में जब वे भगवान को प्रसाद चढ़ाने गर्भगृह पहुंचे, तब हनुमान जी के सिर से मुकुट गायब था।

## आज होगा युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शास. पीजी कॉलेज, टैगोर हॉल कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 26 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वार विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## मंदिर के विकास को लेकर विधायक ने भेजा पत्र



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित स्वयंभू कुण्डेश्वर महादेव मंदिर एक प्राचीन पंचमुखी शिवलिंग स्थल है। मान्यता अनुसार द्वापर युग में राजा वाणासुर की पुत्री राजकुमारी ऊषा यहां पूजा करने आती थी। साथ ही ऐतिहासिक रूप में उक्त स्थल की प्राण प्रतिष्ठा 15-16 वी शताब्दी में महाराज ने करवाई थी। बुन्देलखण्ड की काशी के रूप में प्रसिद्ध इस मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि, मकर संक्राति एवं बसंत पंचमी पर विशाल मेला का आयोजन होता है। जिसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थी एकत्र होते है। टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कुण्डेश्वर मंदिर को महादेव लोक के रूप में विकसित किए जाने की मांग की है।**

जिले से निवाड़ी जिले के पृथक हो जाने पर राम राजा सरकार का मंदिर निवाड़ी जिला अंतर्गत आ गया है। अब वर्तमान स्थिति में जिले में सर्वमान्य सर्वविदित मात्र एक तीर्थ स्थल कुण्डेश्वर महादेव मंदिर ही शेष है। जिसका ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व को देखते हुए महाकाल लोक उज्जैन, राम राजा लोक ओरछा, की तर्ज पर महादेव लोक कुण्डेश्वर के रूप में उक्त स्थल का समग्र विकास स्वीकृत कर स्थानीय जन मानस एवं जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को पूरा कर उपकृत करें।